राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'निफ्ट, पटना' के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

पटना, 25 मई 2017

''जिन्दगी में बहुत कठिनाइयाँ एवं समस्याएँ हैं, परन्तु इनका सामना कर ही जंग जीती जा सकती है। जो व्यक्ति कठिनाइयों को यह बताने की क्षमता रखते हैं कि वे अपने पक्के इरादों को लेकर उनसे भी ज्यादा सख्त हैं –कठिनाइयाँ उन्हें परेशान नहीं कर सकती।'' –उक्त प्रेरणापूर्ण उद्‌गार, राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, पटना केन्द्र के 'दीक्षांत–समारोह' को स्थानीय एस॰के॰ मेमोरियल हॉल में मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम को उद्धृत करते हुए कहा कि 'सपने वो नहीं हैं, जो हम सोये में देखते हैं, सपने तो वे हैं जो हमें सोने ही नहीं देते। ये सपने हमें बेचैन बना देते हैं, निरंतर कुछ नया सोचने को, कुछ नया इतिहास रचने को।' राज्यपाल श्री कोविन्द ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को बराबर अपने लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उसे हासिल करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

अपने दीक्षांत–भाषण के दौरान, राज्यपाल ने भारत सरकार की 'डिजिटल इंडिया', मेक इन इण्डिया', 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' तथा बिहार सरकार की 'सात निश्चय योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे युवाओं को विकास के बहुतेरे अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिनसे लाभान्वित होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि फैशन डिजाइन, फैशन टेक्नोलॉजी एवं फैशन मेनेजमेंट के क्षेत्र में 'निफ्ट पटना' का प्रदर्शन उत्कृष्ट कोटि का रहा है। यहाँ भी प्रतिभाएँ अखिल भारतीय स्तर पर काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

'भागलपुर मेगा कलस्टर प्रोजेक्ट' के विकास, बिहार खादी की पूनर्स्थापना, 'कन्वर्ज 2017' जैसे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन, साऊथ एशियन गेम्स लोगो आदि के विकास में निफ्ट, पटना के योगदान का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने संस्था के पदाधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि निफ्ट, पटना राष्ट्रीय ख्याति–प्राप्त कई महत्त्वपूर्ण संस्थाओं के द्वारा किये गये सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ दस में शुमार है।

श्री कोविन्द ने कहा कि किसी भी संस्था का 'दीक्षांत–समारोह' उस संस्था के विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा समारोह होता है, जब विद्यार्थी अपनी अकादमिक शिक्षा पूरी कर, अपने अध्यवसाय की खोज में व्यापक प्रतिस्पर्धा की दौड़ में उतरते हैं। इसमें उनका अर्जित ज्ञान और दृढ़–निश्चय ही मुख्य रूप से सहायक सिद्ध होता है। राज्यपाल ने डिग्रियाँ प्राप्त करने वाले छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि अब आप अपने शिक्षण परिसर से बाहर की दुनियाँ का सामना करने के लिए आगे आ रहे हैं, जहाँ सफल होकर आप देश और समाज के नव–निर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दे सकेंगे। समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों के बीच डिग्रियाँ वितरित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस समरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि फैशन तकनीक और डिजाइन के क्षेत्र में निफ्ट, पटना तेजी से उभर रहा है।

समारोह के दौरान निफ्ट, पटना के निदेशक प्रो॰ संजय श्रीवास्तव ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। धन्यवाद–ज्ञापन संस्था के संयुक्त निदेशक श्री एस॰एन॰ वोहरा ने किया।

……………………………………………